# अर्द्धवार्षिक परीक्षा–2024–25

**कक्षा–8**

**समय : 2 ¾ घण्टे** **विषय–हिन्दी** **अंक–50**

**1–7 निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन करें उत्तरपुस्तिका में लिखिए। 1×7 = 7**

प्र.1 साइकिल चलाने वाली महिलाओं ने साइकिल चलाने को क्या बताया?

(अ) व्यक्तिगत आजादी (ब) अच्छा अनुभव

(स) नवसाक्षर होना (द) खराब अनुभव

प्र.2 सुदामा ने चावलों की पोटली कहाँ छिपा कर रखी थी?

(अ) काँख में (ब) गटरी में (स) हाथ में (द) झोले में

प्र.3 **'यह सबसे कठिन समय नहीं'** कविता में तिनका कहाँ है?

(अ) पानी में (ब) चोंच में (स) जमीन पर (द) पेड़ पर

प्र.4 बदलू के आँगन में किसका पेड़ लगा हुआ था?

(अ) आम का (ब) शीशम का (स) नीम का (द) अनार का

प्र.5 **"सामाजिक"** शब्द मैं कौनसा प्रत्यय है?

(अ) इल (ब) ईक (स) क (द) समाज

प्र.6 निम्न में से शुद्ध शब्द है?

(अ) उज्जवल (ब) उज्ज्वल (स) उजवल (द) उजज्वल

प्र.7 गीता मधुर गीत.............है। रिक्त स्थान में उपर्युक्त क्रिया पद होगा। **(मॉडल पेपर 2024)**

(अ) सुनाएगी (ब) सुनेगी (स) सुनाती (द) सुना

**प्रश्न 8 से 11 प्रत्येक 2–2 अंक का है– 2×4=8**

प्र.8 पुडुकोट्टई में कोई महिला अगर चुनाव लड़ती तो अपना पार्टी चिन्ह क्या बनाती और क्यों?

प्र.9 **"झरती हुई पत्ती थामने को बैठा है हाथ एक"** से क्या तात्पर्य है?

प्र.10 दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?

प्र.11 कवि ने दुनिया के भिखमंगा क्यों कहा है?

**प्रश्न 12 से 14 प्रत्येक 3–3 अंक का है– 3×3=9**

प्र.12 बदलू की किस बात से लेखक को उसकी स्वाभिमानी पर गर्व हो गया?

**(उत्तर सीमा 60–80 शब्द)**

प्र.13 द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या–क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे? सुदामा के मन की दुविधा को अपने शब्दों में प्रकट कीजिए। **(उत्तर सीमा 60–80 शब्द)**

प्र.14 हमारे जीवन में डाकिए की भूमिका क्या है? इस विषय पर नौ वाक्य लिखिए।

**प्र.15 निम्न पद्यांश का प्रसंग सरल अर्थ करो! 4**

सीस पंगा न झंगा तन में, प्रभु ! जाने को आहि बसे केरि ग्रामा।
धोती फटी–सी लटी दुपटी, अरू पाये उपानह को नहीं सामा।।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिसमा।
पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपना नाम सुदामा।।

**प्र.16 निम्नलिखित विशेषण शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य निर्माण कीजिए– 4**

(अ) गहरा (ब) सुन्दर **(मॉडल पेपर 2024)**

**प्र.17 निम्नलिखित मुहावरों की अर्थ बताकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 4**

(अ) दिन–रात एक करना (ब) चार चाँद लगाना

**18–21 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 4**

मेरा मन कहता है ऐसा नहीं हो सकता। हमारे महान मनीषियों के सपनों का भारत है और रहेगा। यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले–भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फरेब का रोजगार करने वाले फल–फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सचाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है।

18. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
19. हमारे महान मनीषियों का भारत कैसा है?
20. आजकल सामाजिक माहौल कैसा बन रहा है?
21. किस स्थिति में जीवन के महान मूल्यों की आस्था हिलने लगी है?

प्र.22 अपने विद्यालय के प्रधानाधाक जी को गणित विषय में अतिरिक्त कालांश लगवाने के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

दो मित्रों के बीच पुस्तकें खरीदने के विषय में आपसी चार संवाद लिखिए।

**प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 6**

(क) स्वच्छता का जीवन में महत्त्व (ख) बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

(ग) मोबाइल का बढ़ता प्रचलन (घ) जीवन की अविस्मरणीय घटना